BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# बसंत के सीजन की शुरुआत सीडी सैटर्डे और गार्डन शो के साथ करें

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (18 फरवरी, 2020) – बसंत सीजन आने वाला है। साथ ही सिटी ऑफ ब्रैम्पटन का 8वां सालाना सीडी सैटर्डे (Seedy Saturday) और गार्डन शो (Garden Show) भी शुरू होने वाला है!

इस वर्ष का सीडी सैटर्डे और गार्डन शो शनिवार, 29 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक, सैंचुरी गार्डन्स रेक्रिएशन सेंटर ऑडिटोरियम (Century Gardens Recreation Centre Auditorium) में होगा। चाहे आप बागबानी में नए हैं या आपको इसका अनुभव है, इस परिवार-अनुकूलित कार्यक्रम में सबका स्वागत है।

30 से अधिक प्रदर्शकों के साथ, शामिल होने वालों के पास राय लेने, बागबानी संबंधी जानकारी लेने, बीज साझे करने, उनकी अदला-बदली करने और खरीदने, बागबानी समुदायों से जुड़ने, किड्स ज़ोन (Kids' Zone) में घूमने और सीडी कैफे (Seedy Café) का आनंद लेने का अवसर होगा।

बागबानी संबंधी विशेषज्ञ पूरा दिन चार सेमिनारों की मेजबानी भी करेंगे:

- सुबह 10:30 बजे से 11:15 बजे तक, नैंसी लोटेच्की-नीली, ज़ीरो वेस्ट कैलडन (Nancy Lotecki-Neely, Zero Waste Caledon), "वाय वेस्ट मैटर्स" ("Why Waste Matters")
- सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक, एमा बिग्गस, बागबानी लेखिका व ब्रॉडकास्टर (Emma Biggs, horticultural writer and broadcaster), "गार्डनिंग विद एमा" ("Gardening with Emma")
- दोपहर 12:30 बजे से दोपहर बाद 1:15 बजे तक, ब्रायन मिल्वार्ड, स्टीवार्डशिप कोआर्डिनेटर, लोकल एन्हैंसमेंट एंड एप्रिशिएशन ऑफ फोरेस्ट्स (ऐल.ई.ए.ऐफ.) (Brian Millward, Stewardship Coordinator, Local Enhancement and Appreciation of Forests (LEAF)), "ट्रीज, बीज, एंड अदर थिंग्स" ("Trees, Bees & Other Things")
- दोपहर बाद 1:30 बजे से 2:15 बजे तक, स्टीवन बिग्गस, बागबानी लेखक और ब्रॉडकास्टर (Steven Biggs, horticultural writer and broadcaster), "एडीबल्स इन अर्बन लैंडस्केप्स" ("Edibles in Urban Landscapes")

इसमें प्रवेश निशुल्क है और पहले 100 आगुंतकों को एक निशुल्क पौधा मिलेगा।

यह कार्यक्रम प्रायोजक सपांसप रेवेरा इंक. (Revera Inc.) के साथ, ब्रैम्पटन होर्टीकल्चरल सोसायटी (Brampton Horticultural Society) की भागीदारी में आयोजित किया जा रहा है और सीड्स ऑफ डायवरसिटी (Seeds of Diversity) द्वारा समर्थित है, जो कृषि और बागबानी संबंधी जैव विविधता के संरक्षण के लिए समर्पित कैनेडियन चेरिटेबल संगठन है।

विवरणों के लिए, www.brampton.ca/parks पर जाएं।

**हवाले**

"ब्रैम्पटन एक हरा-भरा शहर है। सीडी सैटर्डे और गार्डन शो जैसे वातावरण संबंधी कार्यक्रम, हमारी जैव विविधता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इंडस्ट्री के विशेषज्ञों द्वारा साझे किए जाने वाले सुझावों से लेकर किड्स ज़ोन तक, जहां बच्चे भोजन संबंधी स्थिरता के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, यह कार्यक्रम सुनिश्चित तौर पर हर उम्र के लोगों के लिए रोमांचक और जानकारी से भरपूर होगा!"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"पिछले वर्ष, सीडी सैटर्डे और गार्डन शो में 1,100 से अधिक लोग शामिल हुए थे। मैं हर किसी को शामिल होने और बसंत सीजन के पौधों के बारे और इस बारे जानने को प्रोत्साहित करता हूं कि आप ब्रैम्पटन को हरा-भरा रखने के लिए क्या कर सकते हैं, विशेषकर, यदि आपके अंदर पौधे उगाने की स्वाभाविक प्रतिभा हो।"

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर और चेयर, पब्लिक वर्क्स एंड इंजीनियरिंग, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन होर्टिकल्चरल सोसायटी एक बार फिर 8वें सालाना सीडी सैटर्डे और गार्डन शो का जश्न मनाने के लिए, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के साथ भागीदारी करने के लिए उत्साहित है। यह कार्यक्रम बागबानी, वातावरण संबंधी स्थिरता और संरक्षण के बारे में है, साथ ही यह समुदायों को उस स्थान को विकसित करने के महत्व के बारे में जानने के एक साथ लाता है, जहां वे रहते हैं।"

- *कैरोल स्प्रागेट (Carole Spraggett), प्रेजिडेंट, ब्रैम्पटन होर्टिकल्चरल सोसायटी*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca